आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 08.09.2026 समय : 1905

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के नवसारी में कहा–विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाना चाहिए।
- प्रशासन ने आतंकवाद पीड़ितों के बच्चों और पति–पत्नी के लिए केंद्रीय पूल की चार एम बी बी एस सीटों पर आवेदन आमंत्रित किए।
- पोर्ट ब्लेयर, मायाबंदर, डिगलीपुर और कैंपबेल बे में 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।
- अंडमान–निकोबार खेल नीति 2026 के प्रारूप पर आम जनता और संबंधित पक्षों से 15 सितंबर तक सुझाव आमंत्रित किए गए है।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से समाज सेवा तथा स्वच्छता को दैनिक आदत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नवसारी में नवनिर्मित भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद एक विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने पीएम स्वनिधि योजना के प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना ने छोटे दुकानदारों और रेहड़ी–पटरी वालों को आसान और सस्ता ऋण तथा आधुनिक डिजिटल भुगतान सुविधाएं उपलब्ध कराकर वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है।

<><><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार प्रशासन ने आतंकवादी घटनाओं में मारे गए या दिव्यांग हुए नागरिकों के पति–पत्नी और बच्चों के लिए शैक्षणिक वर्ष 2026–27 में चार एम बी बी एस सीटों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये सीटें गया के ए एन मगध मेडिकल कॉलेज में एक, मुंबई के ग्रांट मेडिकल कॉलेज

में एक और रायपुर के पंडित जे.एन.एम. मेडिकल कॉलेज में दो हैं। सीटों के आवंटन में उन बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनके माता—पिता दोनों आतंकवादी घटनाओं में मारे गए हैं। इसके बाद परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य की मृत्यु तथा आतंकवादी कार्रवाई में स्थायी दिव्यांगता या गंभीर चोट के मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी। पात्र अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन पत्र और जरूरी दस्तावेजों के साथ विकास—चार अनुभाग, सचिवालय, श्री विजय पुरम में 11 सितंबर को दोपहर तीन बजे तक व्यक्तिगत रूप से आवेदन जमा कर सकते हैं। अधूरे और निर्धारित समय के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

<><><><><><><>

भारतीय निर्यातकों के लिए एक बड़ी राहत के तौर पर, ब्रिटेन ने भारत की कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना को मान्यता दे दी है। ब्रिटेन ने यह राहत अपनी कार्बन सीमा समायोजन व्यवस्था – सी बी ए एम के अंतर्गत दीहै। अब ब्रिटेन में कार्बन टैक्स के दायरे में आने वाले भारतीय उत्पादों पर, भारत में पहले से चुकाए गए कार्बन मूल्य के आधार पर राहत मिल सकती है। इनमें इस्पात, एल्युमिनियम, उर्वरक और सीमेंट जैसे उत्पाद शामिल हैं। इससे भारतीय निर्यातकों को एक ही कार्बन उत्सर्जन के लिए दो बार शुल्क चुकाने से राहत मिलेगी। यह फैसला दोनों देशों के बीच लंबे समय से चल रही तकनीकी वार्ता के बाद हुआ है। हालांकि, राहत की मात्रा भारत में वास्तव में चुकाए गए कार्बन मूल्य और ब्रिटेन के नियमों के तहत जरूरी प्रमाण और सत्यापन पर निर्भर करेगी। ब्रिटेन वर्ष 2027 से सी बी ए एम लागू करने वाला है, इसलिए भारत के कार्बन—गहन उत्पादों के निर्यात के लिए यह फैसला महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत संविदा आधार पर लेखाकार और कार्यालय सहायक के पदों पर भर्ती का परिणाम जारी कर दिया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान– निकोबार द्वीपसमूह में 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से यह लोक अदालत पोर्ट ब्लेयर के जिला न्यायालय परिसर, मायाबंदर के उप–मंडलीय न्यायालय परिसर, डिगलीपुर के सर्किट कोर्ट और कैंपबेल बे में आयोजित होगी। राष्ट्रीय लोक अदालत में अदालतों में लंबित ऐसे मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया जाएगा। मामले का विवरण लिखित रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पोर्ट ब्लेयर के सचिव के पास कल तक जमा कर दें, ताकि उनके मामले को 12 सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सहमति से निपटारे के लिए रखा जा सके।

<><><><><><><>

गणेश चतुर्थी के अवसर पर सेवा भारती की ओर से बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। इच्छुक प्रतिभागी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए सेवा भारती के ई–मेल sevabharathisvp@gmail.com के जरिए अपने नामों का पंजीकरण करा सकते है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के खेल एवं युवा कार्य विभाग ने केंद्र शासित प्रदेश खेल नीति, 2026 के प्रारूप पर आम लोगों और सभी संबंधित पक्षों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। खेल एवं युवा कार्य विभाग ने राष्ट्रीय खेल नीति 'खेलो भारत नीति 2025' के अनुरूप अंडमान निकोबार केंद्र शासित प्रदेश खेल नीति, 2026 का प्रारूप तैयार किया है। यह प्रारूप अंडमान निकोबार प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट और खेल विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। विभाग ने नीति को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी संबंधित पक्षों और आम जनता से प्रारूप नीति पर अपने विचार और सुझाव 15 सितंबर तक देने का आग्रह किया है। सुझाव निदेशालय खेल एवं युवा कार्य, नेताजी स्टेडियम स्थित कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। इसके अलावा सुझाव ई–मेल के माध्यम से directorsportsani@gmail.com पर भी भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान विधि महाविद्यालय में विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह के अवसर पर छात्रों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में टेली–मानस की काउंसलर माधवी नंबियार ने नए प्रवेशित छात्रों के लिए कार्यशाला का संचालन किया। उन्होंने कहा कि शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के तहत छात्रों के लिए कई गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें 'साइन फॉर लाइफ' गतिविधि भी शामिल रही, जिसमें छात्रों ने साझा कैनवास पर आशा और एकजुटता का संदेश लिखा। सुश्री नंबियार ने बताया कि नेशनल टेली मेंटल हेल्थ असिस्टेंस एंड नेटवर्किंग अक्रॉस स्टेट्स यानी टेली–मानस की सेवाएं चौबीसों घंटे उपलब्ध हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी.वी.एन. शर्मा ने कानून के छात्रों और कानूनी पेशेवरों के लिए मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर बल दिया।

महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर में भी आज छात्रों के लिए आत्महत्या से जुड़ी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ यशोधरा और अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ जी गॉडसन ने किया।

**<><><><><><><>**

दूरदर्शन केंद्र, श्री विजयपुरम् कल लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'पेट टॉक – बियॉन्डद बॉन्ड' का प्रसारण करेगा। कार्यक्रम का विषय है, द्वीपों में सफल पोल्ट्री फार्मिंग की तकनीकें। यह कार्यक्रम साढ़े पाँच बजे से प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम में पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग, श्री विजयपुरम् के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश कुमार विशेषज्ञ के रूप में स्टूडियो में मौजूद रहेंगे और दर्शकों के पोल्ट्री फार्मिंग से जुड़े सवालों के जवाब देंगे। दर्शक इस लाइव फोन–इन कार्यक्रम में भाग लेकर फोन नंबर 244–745 या 245'662 पर कॉल कर अपने सवाल पूछ सकते हैं।

**<><><><><><><>**